संख्या-165/2024/I/833751/2024/71-1002(002)/12/2022

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनॉक 26 दिसम्बर,2024**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी सीटों के वृद्धि के सापेक्ष इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण कार्य हेतु शासनादेश में **संशोधन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-138/2024/I/787522/2024/71-1002(002)/12/2022, दिनॉक 06.11.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-1) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 50 यू0जी0 सीटों की वृद्धि के सापेक्ष **इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण कार्य** हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा आकलित लागत रू0 4443.43 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रु0 1555.2005 लाख (केन्द्रांश रू0 1212.0905 लाख एवं राज्यांश रू0 343.11 लाख) की धनराशि, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के निवर्तन पर एस0एन0ए0 खाते में रक्षित धनराशि में से हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

2- अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-138/2024/I/787522/2024/71-1002(002)/12/2022, दिनॉक 06.11.2024 के प्रस्तर-2 एवं प्रस्तर-3 में टंकण त्रुटिपूर्ण अंकित हो गए हैं।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत शासनादेश दिनॉक 06.11.2024 के प्रस्तर-2 एवं प्रस्तर-3 को निम्नानुसार पढ़ा व समझा जाए-

प्रस्तर-2

उल्लेखनीय है कि अनु सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-U.14017/146/2019-ME-II/8035777 दिनांक 25.11.2022 द्वारा भारत सरकार की केन्द्र पुरोनिधानित योजना "Strengthening and upgradation of State government medical colleges for starting new PG disciplines and increasing PG Seats" (Phase-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि पर स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके सापेक्ष

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

रु0 58.80 करोड़ की लागत अनुमोदित की गयी है। उक्त योजना का फण्डिग पैटर्न 60:40 (केन्द्रांश + राज्यांश) है। राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि हेतु अनुमोदित लागत रु0 58.80 करोड़ के सापेक्ष शासनादेश संख्या-28/2023/I/293684/2023-71-1002/19/2022, दिनांक 27.03.2023 के माध्यम से प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए रु0 23.52 करोड़ (राज्यांश) तथा शासनादेश संख्या-109/2023/I/363815/2023-17-1002/19/2022, दिनांक 07.08.2023 द्वारा रु0 14.11 करोड़ (केन्द्रांश), इस प्रकार कुल 37.63 करोड़ (केन्द्रांश रू0 14.11 करोड़ एवं राज्यांश रू0 23.52 करोड़) की धनराशि पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के निवर्तन पर कतिपय शर्तों के अधीन राखी गयी है। वर्तमान में रु0 26.9511 करोड़ (केन्द्रांश रू0 14.11 करोड़ एवं राज्यांश रू0 12.8411 करोड़) की धनराशि एस0एन0ए0 खाते में रक्षित/अवशेष है।

<u>प्रस्तर-3</u>

केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-1) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 50 यू0जी0 सीटों की वृद्धि के स्थान पर केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि पढ़ा व समझा जाए।

4- उक्त शासनादेश को इस सीमा तक संशोधित समझा जाए।

भवदीय,
मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या/तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक, निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
4. अनु सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज।
7. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम , लि0 लखनऊ।
8. नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
10. गार्ड फाइल।

भवदीय,
मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in